# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com



सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-2 | अंक-141 | सागवाड़ा, सोमवार,23 जनवरी, 2023 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)




## महिपाल खेल मैदान में मुस्लिम समाज की क्रिकेट प्रतियोगिता प्रारंभ

# क्रिकेटर प्रवीण कुमार का युवाओं को संदेश– खेलों के साथ साथ पढ़ाई भी बहुत जरूरी है

**सागवाड़ा।** पूरा दिन ग्राउंड में दौड़ते रहने से कामयाबी नहीं मिलती बल्कि घोड़े की तरह लक्ष्य को तय कर कठिन परिश्रम से सफलता मिलेगी। यह बात भारतीय क्रिकेटर प्रवीण कुमार ने मुस्लिम समाज की महिपाल विद्यालय खेल मैदान में प्रारंभ हुई क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि खेलो के साथ साथ पढ़ाई भी बहुत जरूरी है ताकि वह रोजगार पाकर लाइफ को सिक्योर कर सके। उन्होंने अपने पिता को अपना आदर्श बताया। वही उन्होंने भारतीय टीम के लिए चयन को सबसे खुशी का दिन व 2011 में वर्ल्ड कप से एक माह पूर्व एल्बो में चोट के कारण वर्ल्ड कप नहीं खेल पाना सबसे ज्यादा निराशाजनक बताया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना सबसे ज्यादा पसंददीदा बताया। अध्यक्षता सांसद कनकमल कटारा ने की एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया, जिला क्रिकेट संघ के सचिव सुशील जैन, प्रधान ईश्वरलाल सरपोटा, हरीश पाटीदार व हेमंत दादा पाठक थे। मुस्लिम समाज के सदर हाजी मोहम्मद इस्माइल ने स्वागत भाषण दिया। समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने प्रतियोगिता को खेल भावना से खेलने की बात कही। इस मौके पर आयोजन कमेटी के अध्यक्ष हाजी शायर हुसैन, रमीज राजा, सचिव फारुख मकरानी, कोषाध्यक्ष जावेद इरफान, खेल मंत्री मोहम्मद अफजल शेख, संगठन मंत्री तारीख शेख सहित कई नागरिक मौजूद रहे।



क्रिकेटर प्रवीण कुमार से चर्चा करते सागवाडा प्रधान ईश्वर सरपोटा।



क्रिकेटर प्रवीण कुमार से चर्चा करते पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया, उपाध्यक्ष राजुमामा एवं सुशील जैन।

## ज़ील हॉस्पिटल सागवाडा में सुंदरकांड पाठ हुआ



**सागवाडा।** विश्व के कल्याण की भावना से ज़ील हॉस्पिटल सागवाडा में शनिवार रात को रामकथा वाचक कमलेश भाई शास्त्री की ओर से संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया गया। ज़ील हॉस्पिटल के फ़ाउंडर भूपेन्द्र भट्ट और भूपेंद्र पंड्या ने सभी का स्वागत किया। संगीतमय पाठ के बाद आरती व महाप्रसाद के वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया जाता है। रामकथा वाचक कमलेश भाई शास्त्री ने कहा कि कलियुग में भगवान का नाम लेने से ही मनुष्य भवसागर पार हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रभु नाम के स्मरण मात्र से ही समस्त पाप कट जाते हैं। उन्होंने कहा कि सुंदरकांड बजरंगबली की अराधना है। इसके पाठ करने से बजरंगबली प्रसन्न होते हैं। सुंदरकांड पाठ की महिमा बताते हुए शास्त्री ने कहा कि सुंदरकांड पाठ से जीवन का हर कार्य सुंदर बनता है। रामचरितमानस में सात कांड है लेकिन इसमें सुंदरकांड का महत्व अधिक है। हनुमान जी की महिमा का बखान करते हुए हनुमान जी और विभिषण संवाद पर चर्चा करते हुए भगवान के प्रति शरणागति के बारे में बताया। तबले पर ओमप्रकाश जेठवा, ऑर्गन पर कैलाश भाई और कोरस में सिद्धार्थ व भारत भट्ट ने सहयोग दिया है। मयूर मेहता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## असारवा से आ रही ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत

**डूंगरपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में साबेला बाईपास के पास ट्रेन की टक्कर से एक बुजुर्ग महिला की दर्दनाक मौत हो गई। महिला शोंच जाने के लिए घर से निकली थी। घटना के बाद मौके पर कोतवाली थाना और रेलवे पुलिस पहुंच गई। वही शव को जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखकर कार्रवाई की जा रही है।

कोतवाली सीआई सुरेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया की राजपुर निवासी मीरा बाई (65) पुत्र शंकर भाई माली अपनी बेटी और दामाद कैलाश माली के साथ रहती है। आज रविवार सुबह शौंच जाने के लिए घर से निकली थी। इसी दौरान असारवा (अहमदाबाद) से आ रही ट्रेन ने साबेला बाईपास के पास मीरा बाई को टक्कर मार दी। हादसे में महिला के शरीर पर कई जगह गंभीर चोटें आई और दर्दनाक मौत हो गई।

घटना के बाद रेलवे पटरियों पर लोगो की भीड़ लग गई। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस ओर रेलवे थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की जानकारी लेने के बाद शव को डूंगरपुर हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया। वही परिजनों की रिपोर्ट पर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है।

## युवक ने फांसी का फंदा लगाकर किया सुसाइड

### ढाई साल पहले पत्नी बच्चो समेत छोड़कर चली गई पीहर

**डूंगरपुर।** सदर थाना क्षेत्र के आसेला गांव में एक युवक ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद गांव में सनसनी फ़ैल गई और लोग इकट्ठे हो गए। फंदे से उतारकर डूंगरपुर अस्पताल लाए। डॉक्टर ने भी उसे मृत घोषित कर दिया। वही शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। सदर थानाधिकारी ने बताया की विरम पुत्र नाथू रोत मीणा निवासी आसेला की और से रिपोर्ट दी गई है।

विरम रोत ने बताया की उसका छोटा भाई वासु रोत (35) दो साल से बीमारी से पीड़ित है। ढाई साल पहले उसकी पत्नी बच्चो समेत उसे छोड़कर पीहर चली गई। इसके बाद से वासु छोटे भाई देवीलाल के साथ उसी के घर में रहता था। शनिवार की शाम के समय देवीलाल काम से गांव में गया था। देवीलाल की पत्नी कोकिला घर गई तो जोर से चिल्लाई। उसकी आवाज सुनकर सभी दौड़कर गए। घर में जाकर देखा तो वासु घर के अंदर बल्लीसे नायलॉन की रस्सी से फांसी का फंदा लगाकर लटका हुआ था। घटना के बाद मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर सदर थाना पुलिस भी पहुंच गई। गांव के लोगो की मदद से वासु को फंदे से नीचे उतारा। उसे प्राइवेट गाड़ी से डूंगरपुर हॉस्पिटल लेकर आए। डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को हॉस्पिटल में मोर्चरी में रखवाया। भाई विरम ने वासु की मौत पर किसी तरह के शक से इंकार कर दिया। इस पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

## ट्रेक्टर ने बाइक को चपेट में ले लिया, बेटे की मौत, माँ गंभीर घायल

डूंगरपुर। जिले के सदर थाना क्षेत्र के देवल गाँव के पास घोगरा घाटी में एक तेज रफ़्तार ट्रेक्टर ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार बेटे की मौत हो गई। जबकि उसकी माँ गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला का डूंगरपुर जिला अस्पताल में उपचार जारी है। वही पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौप दिया है। इधर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।डूंगरपुर जिले के सदर थाने के थानाधिकारी ने बताया कि उदयपुर जिले के सेमारी थाना क्षेत्र के अम्बारा निवासी देवीलाल पुत्र हुरमा मीणा में रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में देवीलाल मीणा ने बताया है कि अम्बारा निवासी उसके चाचा मंशा पुत्र सोमा अपनी माँ काली के साथ बाइक पर अम्बारा से वागदरी जाने के लिए निकले थे। इस दौरान खेरवाडा–डूंगरपुर मार्ग पर देवल गाँव के पास घोगरा घाटी में एक तेज रफ़्तार ट्रेक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उसके चाचा मंशा व उसकी दादी काली गंभीर घायल हो गए। इधर हादसे के बाद मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। लोगो ने मामले की सुचना सदर थाना पुलिस को दी। सुचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को गंभीर हालत में डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुँचाया। डूंगरपुर जिला अस्पताल में डॉक्टर ने जांच के बाद मंशा को मृत घोषित कर दिया। वही गंभीर घायल काली को भर्ती करके उसका उपचार शुरू किया। इधर पुलिस ने मृतक का शव डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट कराया। जहा पर पुलिस ने परिजनों के आने के बाद मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द किया। वही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


चिकित्सकीय सेवाओं का विस्तार

ज़ील हॉस्पिटल, सागवाड़ा में

NABH ACCREDITED

ZEEL MULTISPECIALITY HOSPITAL

**मूत्र एवं गुर्दा रोग विभाग**
- पेशाब की थैली की पथरी का ऑपरेशन
- मूत्र नली की सिकुड्न का दुरबीन से ऑपरेशन
- पेशाब की थैली के कैंसर का उपचार
- शिशु की मूत्र नली के वाल्व का ऑपरेशन
- सेक्चुअल डिसआर्डर संबंधित उपचार
- स्त्रियों में छीकने पर अनियंत्रित मूत्रस्त्राव
- पेशाब की धार में कमजोरी
- खून व जलन का उपचार

डॉ. अनिल यादव
मुत्र एवं गुर्दा रोग विशेषज्ञ

**नाक-कान-गला रोग विभाग**
- कान के पर्दे का ऑपरेशन
- नाक की टेढ़ी हड्डी का ऑपरेशन
- कान से मवाद/रस्सी बहना
- थायरॉइड की गठान का उपचार
- नासूर एवं दिमाग की गिठानो की सर्जरी
- नाक बहने एवं एलर्जी का ईलाज
- सायनस

डॉ. मेजर समीर
नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: 9351230476 रुद्रप्रयाग, सागवाड़ा - 314025, जिला - डूंगरपुर (राजस्थान)





dishtv d2h

आपका टीवी मनोरंजन.. हमारी जिम्मेदारी

- डिश सेट करना
- डिश रिचार्ज करना
- नई डिश लगवाना
- पैकेज की जानकारी लेना

डिश टीवी के सम्बन्धित किसी भी कार्य के लिए संपर्क करे

आदित्य & कंपनी- सचिन परमार, मो. 7340191819


## राजस्थान में मावठ-शीतलहर का अलर्ट

**जयपुर।** राजस्थान में चार दिन बारिश होने के साथ ही शीतलहर चलने की संभावना है। जयपुर में आज सुबह से ही बादल छाए रहे और हवा चलती रही। माउंटआबू में आज फिर तापमान माइनस में चला गया। वहां पेड़–पौधों पर ओस की बूंदे जम गईं। कोटा, बूंदी, बारां और झालावाड़ जिलों में सुबह घना कोहरा छाया रहा। शीतलहर और गलन के कारण लोगों के कंपकंपी छूट गई। मौसम केंद्र जयपुर के मुताबिक उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी का असर राज्य में दिखने लगा है। उत्तरी हवाओं का दबाव बढ़ने से जयपुर सहित पूरे प्रदेश में तापमान में उतार–चढ़ाव का दौर जारी है। जयपुर, कोटा, भरतपुर, बीकानेर संभाग के जिलों में कहीं–कहीं बारिश होने की संभावना है।